उत्खनन | पत्थर नीलामी की खदान को अमृत सरोवर बताकर लाखों की राशि निकाल ली, मनरेगा के तहत ग्रामीणों को नहीं दिया रोजगार

आरईएस विभाग के अधिकारी डकार गए 50 लाख से अधिक की योजना

पथरिया नवभारत 27 अप्रैल। अमृत सरोवर योजना केंद्र सरकार की मनसा अनुसार जल सरंक्षण व ग्रामीण अजीविका को बढावा देना, मत्स्य पालन, कृषि सिचाई सहित विभिन्न गतिविधियों के उद्देश्य से चिन्हित किया गया हैं। एक ऐसा ही गंभीर मामला दमोह जिले की जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रजवांस के ग्राम घोगरी गुलाल का है, जहां कई वर्षों से करीब 300 मीटर लम्बी, 100 मीटर चौड़ी और 15 से 20 फ़िट गहरी खदान रहीं और उक्त खदान पर निरंतर उत्खनन हो रहा है।

खदान पांच वर्ष के लिए एक व्यक्ति को दी गई थी

पत्थर नीलामी की खदान को अमृत सरोवर बताकर लाखों की राशि निकाल ली गई। उक्त खदान खसरा नंबर 87/1 पर अनुसार वर्ष 2011-12 के लगभग जिले (खनिज विभाग) से पत्थर नीलामी के लिए रजवांस के किसी व्यक्ति को करीब पांच वर्ष के लिए दी गई थी एवं उक्त खसरा 87/1 पर वर्ष 2014 से वर्ष 2015 तक गनेश प्रजापति को पत्थर खनन नीलामी की अनुमति प्रदान की गई थी।

उपयंत्री ने दी प्रशासनिक, भौतिक एवं तकनीकी स्वीकृति

पूर्व से बड़ी खदान और लखरोनी पंचायत मौजे की सीमा खत्म होने तक पत्थरों वाली सड़क है और उक्त खदान में केवल लाल पत्थर और बहुत कम मात्रा में मिट्टी होने के कारण कभी जल संचय नहीं हो पाया। पूर्व से खदान के समीप एक परकूलेशन टैंक भी निर्मित है। उपयंत्री ने अमृत सरोवर की स्वीकृत राशि करीब 29 लाख रुपए एवं सड़क की राशि 27 लाख रुपए से तीन पुलिया, नाली, सड़क सहित अन्य कार्य मनरेगा अंतर्गत होना थे।

पुलियों में किया घटिया सामग्री का उपयोग

निर्माण करवाई गई तीन पुलियों में स्तरहीन सामग्री का उपयोग किया गया है। इनमें काली डस्ट, लाल पत्थर, क्रेशर वाली रेत, कम सीमेंट है और पुलियों की तराई व पुताई भी नहीं की गई, जिससे एक पुलिया बहुत पहले से क्षतिग्रस्त हैं।

नवभारत ने किया था बड़ा खुलासा

नवभारत दैनिक अखबार जबलपुर ने पूर्व में ही प्रकाशित खबरों में खुलासा किया गया था कि उक्त खदान में जल संचय नहीं होता है। प्रतिवर्ष वर्ष फरवरी-मार्च के अंत में ही बिना खदान का जल उपयोग किए सूख जाता है। इस योजना में न लोगों को काम मिला न ही पशुओं और पक्षियों को पानी नसीब हो सका तथा मत्स्य पालन भी नहीं हो सका, जिससे अमृत सरोवर अनुपयोगी सिद्ध हुआ।

स्थानीय लोगों को नहीं मिला काम

माह जनवरी, फरवरी वर्ष 2023 में जेसीबी मशीन से खुदाई की गई थी और सैकड़ों ट्रॉली बड़े बोल्डर और छोटे बोल्डर, मिट्टी और मुरम रातोंरात बेंची गई थी। मुख्य रूप से ग्राम घोगरी, लखरोनी, रजवांस, किद्रहो, सेमरा लोधी के किसी भी जरूरतमन्द मजदूरों को काम नहीं मिला, जबकि मस्टरों में 10 किलोमीटर से भी अधिक दूर के मजदूरों के मस्टरों पर फर्जी नाम चढ़ाकर लाखों रुपए की राशि निकासी की गई है।

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में भक्त नाचने लगे

कुम्हारी नवभारत 27 अप्रैल। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन का मुख्य प्रसंग श्री कृष्ण जन्मोत्सव और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथावाचक पंडित कृष्ण कांत शास्त्री ने भगवान कृष्ण जन्म उत्सव की आगे की कथा में वामन अवतार, नरसिंह अवतार और कंस वध की कथा सुनाई।

यह दिन भक्ति, उल्लास और भगवान के नर अवतारों के माध्यम से धर्म की स्थापना को दर्शाता है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा में कारागार में भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में श्री कृष्ण के जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया जाता है। श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में नंद बाबा के घर हुए उत्सव का वर्णन, जहां भक्त झूमते-गाते हैं। भजन गायक भगवत सीग, किशन कुशवाहा पेड पर ढोलक पर प्रमोद पटेल सभी का मन मोह लिया सभी भक्तों ने नृत्य किया।

श्री कृष्ण ने तीन पग में तीनों लोक नाप लिए थे

वामन अवतार राजा बलि के अहंकार को तोड़ने के लिए भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा, जिसमें तीन पग में तीनों लोक नाप लिए गए।भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान का नरसिंह रूप धारण करना और हिरण्यकश्यप का वध। श्री कृष्ण की माखन चोरी और बाल लीलाओं के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिया कथा में संगीत और भजनों के माध्यम से पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

बदला मौसम का मिजाज,नोहटा,तेंदूखेड़ा,तेजगढ़ में झमाझम बारिश

नवभारत,दमोह.सोमवार शाम अचानक मौसम बदल गया.जिससे आसमान में बदल छाने के बाद नोहटा,तेंदूखेड़ा और तेजगढ़ में जोरदार बारिश हुई. करीब एक घंटे की बारिश से मौसम काफी ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली.वहीं जिला मुख्यालय पर आसमान में बादल छाए रहे और बादलों कीगड़गड़ाहट होती रही.यहां बारिश नहीं हुई,लेकिन मौसम अचानक परिवर्तित हो गया है.जिससे बारिश की पूरी संभावना बन चुकी है.आपको बता दें कि इसके पहले रविवार को तापमान 44.2 डिग्री पहुंच गया था जो इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया था.जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया था और लोग गर्म हवाओं से परेशान हो रहे थे.वहीं आसमान से धूप आग की तरह बरस रही थी. स्थिति यह थी कि दोपहर के समय में लोगों ने घरों से बाहर निकलना भी बंद कर दिया. क्योंकि गर्म हवाएं काफी प्रभावित कर रही थी,लेकिन सोमवार को अचानक मौसम परिवर्तित हो गया. तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़ में शाम करीब 4:30 बजे से बारिश शुरू हुई और 1 घंटे तक झमाझम बारिश होती रही. जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली.वहीं इसके बाद तेंदूखेड़ा मुख्यालय पर भी बारिश का दौर शुरू हुआ और लोगों ने बारिश के पानी में भीग कर गर्मी से राहत पाई.आसमान में घने काले बादल छाए हुए हैं जिससे अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि रात-रात तक जिले के कई स्थानों पर तेज बारिश भी हो सकती है.हालांकि तेज हवाएं भी चल रही हैं.

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने बड़ी संख्या में गौसेवकों ने दिया ज्ञापन

हाथों में तख्तियां और जय गौ माता के लगे जयकारे

नवभारत,दमोह.जिले में भी राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सोमवार को गौ सेवकों ने रैली निकालते हुए गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है.दमोह के पुराना थाना से गौ सेवकों के द्वारा गौ सम्मान यात्रा की शुरुआत की गई.जहां शहर के घंटाघर, राय चौराहा, स्टेशन चौक,तीन गुल्ली होते हुए सागर नाका स्थित तहसील परिसर में पहुंचे,साथ में सैकड़ो गौ भक्त गाय और बछड़े को लेकर पैदल चलते हुए गौ माता के जयकारे लगा रहे थे.दीपक नेमा वैष्णवी निस्वार्थ समिति अध्यक्ष के द्वारा सभी को शपथ दिला कर हस्ताक्षर फाइल तहसीलदार को सौंपी और हिंदू संगठन विक्रांत गुप्ता के द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए तहसीलदार रॉबिन जैन को गौ भक्तों के द्वारा अपना ज्ञापन सौंपा गया.इस दौरान पुलिस व्यवस्था में कोतवाली टीआई मनीष कुमार, चौकी प्रभारी सागर नाका विक्रम दांगी,यातायात और पुलिस बल मौजूद रहा.बतादे कि देश की 5000 तहसीलों में सोमवार को एक साथ यह ज्ञापन गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए दिया जा रहा है.उन्होंने कहा कि जब हम सुबह सोकर उठते हैं तब तक एक लाख गौ माता की निर्मम तरीके से हत्या कर दी जाती है.गौ माता के साथ यह अत्याचार रोका जाए और उन्हें राष्ट्र माता घोषित किया जाए यही हमारी मांग है.विक्की गुप्ता,नगर पुरोहित चंद्र गोपाल पौराणिक,बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृपाल पाठक ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आज यह ज्ञापन प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम दिया जा रहा है. समस्त गौ भक्तों की मांग है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए.

झांकियां भी सजाई गई

गौ सम्मान आह्वान अभियान यात्रा में गौ सेवा समिति के द्वारा कई दिनों से मेहनत की जा रही थी .जहां सोमवार को सफलता यात्रा निकाली गई. यात्रा में विशेष रूप से झांकियां भी सजाई गई .जिसमें गांव और बछिया ट्राली में सवार थी,जो एक मनमोहक रूप में देखी जा रही थी .साथ ही बग्गी में नगर पुरोहित और बांदकपुर पुजारी के साथ राधा कृष्ण भगवान की जोड़ी भी मौजूद थी।

हटा में भी सौंपा गया ज्ञापन

जिला मुख्यालय के अलावा हटा में गौसेवकों ने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर हटा तहसीलदार को ज्ञापन दिया है . गौ आह्वान के लिए अजब धाम से पधारे संत रामानुग्रह दास छोटे सरकार महाराज भी शामिल हुए .गाय माता को राष्ट्र माता का दर्जा और गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई .पटेरा में ना .तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन गौ माता के सम्मान में आवाह्न अभियान के तहत शोभायात्रा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने को लेकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते तहसील कार्यालय पटेरा पहुंची है,नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा .

पथरिया में भी सौंपा ज्ञापन

पथरिया में गौ माता के सम्मान में आवाह्न अभियान के तहत शोभायात्रा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने को लेकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते तहसील कार्यालय पथरिया पहुंचे, जहां तहसीलदार दीपा भार्गव चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा .

स्वयं की प्रेरणा से स्वयं की चेतना से और स्वयं की आस्था से यहां गौ भक्त पहुंचे और ज्ञापन में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए .बहुत गर्मी और मार्ग लंबा था उसके बाद भी गौ भक्त शामिल हुए मैं सभी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित करता हू .
विक्की विक्रांत-गुप्ता हिंदू संगठन

जिले के समस्त गौ भक्तों ने एकत्रित होकर गौ माता की सुरक्षा के लिए और गौ माता को राष्ट्र गौमाता घोषित करने के लिए राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षर युक्त निवेदन पत्र सौंपा है .भगवान से यही कामना करते हैं कि यह कामना पूर्ण करें .
पं .रामकृपाल पाठक- श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर

गौ सम्मान, गौ माता को राष्ट्र गौ माता घोषित करने को लेकर बड़ी संख्या में ज्ञापन सौपा गया है .मैं आप सभी सनातियों से निवेदन कर रहा हूं कि गौ माता को घर में रखकर घर का दूध,घर का घी,गोबर उपयोग करें।
पं .चंद्रकांत पौराणिक, नगर पुरोहित

गौ सम्मान आवाहन अभियान संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा अभियान है .जिसका मार्गदर्शन भारत के समस्त साधु संतों द्वारा किया जा रहा था .इसी क्रम में भारत की 5000 से अधिक तहसीलों में ज्ञापन सौंपा गया है .
दीपक नेमा अध्यक्ष -वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति दमोह

जय गौ माता, जय गोपाल कहते हुए कहा की 5000 से अधिक तहसीलों में यह निवेदन पत्र दिया गया है .गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए सभी गौ सेवकों द्वारा ज्ञापन देने में विशेष योगदान मिला है .
सत्यम चौरसिया उपाध्यक्ष -वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति

गौ सेवक ने कहा कि हमारी आस्था का केंद्र गौ माता है .उनके अंदर सारे देवता निवास करते हैं .जिस प्रकार जानबूझकर गौ हत्या करवाई जा रही है और सरकार मौन है .उनके कान खोलने के लिए हमने यह सांकेतिक ज्ञापन दिया है .
नित्या प्यासी, सचिव - वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति

सागर नाका स्थित तहसील परिसर में गौ सेवकों के द्वारा गौ सम्मान,गौ माता के लिए राजकीय सम्मान,राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा देने हेतु तथा रोड एक्सी डेंट व तस्करी को रोकने को लेकर यह ज्ञापन दिया गया है .जहां तत्काल ही यह ज्ञापन राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री,राज्यपाल महोदय को भेजें जाएंगे . **रॉबिन जैन-तहसीलदार दमोह**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विरोध पर भाजपा की पत्रकार वार्ता

नवभारत,दमोह. नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के विरोध पर भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह,जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे व जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन उपस्थित रहे. अर्चना सिंह ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है.कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन ने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है.उन्होंने ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है,लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसे रोककर करोड़ों महिलाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है.

देवडोंगरा खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत,दमोह। तहसील पटेरा के खरीदी देवडोंगरा खरीदी केंद्र का तहसील दार उमेश तिवारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया और समिति प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए गए .किसानों से तोलने का एक भी रुपए नहीं लिया जाएगा .सभी किसान नॉन एफक्यू ए अनाज लेकर खरीदी केंद्र पर लाए किसानों को बैठने के लिए टेंट कुर्सी की व्यवस्था ठंडा पेयजल की व्यवस्था तलाई हेतु पर्याप्त कांटे की व्यवस्था कराई जायेगी .

पेड़ से टकराए बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

दमोह- छतरपुर हाइवे पर हुआ हादसा

नवभारत,दमोह.छतरपुर हाइवे पर जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बकायन-फुटेरा मार्ग पर सोमवार दोपहर शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार दो युवक पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां एक युवक की मौत हो गई और दूसरे का प्राथमिक इलाज करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतक युवक की पहचान फुटेरा कला गांव निवासी दीपक पिता मन्नू लाल अट्या 25 के रूप में हुई है. जबकि उसका साथी अजय पिता परशराम रैकवार 28 भी इसी गांव का रहने वाला है.बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने किसी परिचित की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से छतरपुर जिले के घुवारा गांव जा रहे थे.सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जब दोनों युवक गांव से निकले तो कुछ ही दूरी आगे चलते ही बकायन फुटेरा मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई.जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि एक युवक दीपक अट्या ने मौके पर ही दम तोड़ दिया उसके सिर में गंभीर चोट आई थी.

स्थानीय लोगों ने घायलों को देखा तो तत्काल 108 को सूचना दी और दोनों को इलाज के लिए बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया है जबकि उसके साथी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. पुलिस ने मर्ग कम कर मामले में जांच शुरू कर दी है.घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

कुंडलपुर-पटेरा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक सवार की मौके पर मौत

जिले के कुंडलपुर-पटेरा मार्ग पर भरतला पुलिया के पास एक फ़ोर व्हीलर और टू व्हीलर की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई .हादसा इतना भीषण था कि टू व्हीलर सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई .जबकि एक घायल बताए जारहा है .मृतक की पहचान चंद्रभान पटेल पिता खूबचंद पटेल, निवासी ग्राम रामगढ़, कुंडलपुर के रूप में हुई है.

व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रीय निर्माण संघ का भाव है

नवभारत,दमोह .राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित प्रमुख जन्म गोष्टी स्थानीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुई . जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ मध्य क्षेत्र के संघ चालक पूर्णेन्दु सक्सैना उपस्थित रहे .उन्होंने उपस्थित जन समूह को संघ के 100 वर्षों की गौरव गाथा उसके विचार और सामाजिक जीवन में उसकी भूमिका को समझाते हुए बताया कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण 1925 से आज शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर भी वही का वहीं है . उन्होंने आगे बताया कि हिंदू वह है जो देश की संपत्ति,विरासत और सांस्कृतिक संबंधों को अपना मानता है और भारत को अपनी माता मानता है .चाहे वह किसी भी धर्म का व्यक्ति है वह ही हिन्दू है जो इन बातों का पालन करता है, सामान्य व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाना संघ का उद्देश्य है उन्होंने आगे बताया कि मिश्र यूनान सारे आक्रांताओं को झेल नहीं पाए और मिट गए .परंतु भारत में इतने आक्रांताओ के आने के बाद भी भारत कभी भी मिट नहीं पाया और ना ही उसकी संस्कृति समाप्त हुई .उसका सबसे बड़ा कारण हमारे पूर्वजों द्वारा दी गई .विरासत है उन्होंने बताया कि गांधी जी एक बार संघ के वर्ग में आए तो उन्होंने देखा कि वर्ग में किसी से ना तो कोई जाति पूछी जा रही थी और सभी एक साथ बैठकर भोजन कर रहे थे सभी एक साथ खेल खेल रहे थे तो संघ की समरसता से गांधी जी भी बहुत प्रभावित हुए थे . उन्होंने वहां उपस्थित गुरुजी से कहा कि जो यह मैं संघ में देख रहा हूं मैं चाहता हूं . कि यह सब पूरे संपूर्ण राष्ट्र में दिखे और उन्होंने आगे यह भी बताया कि संघ के निर्माण का उद्देश्य के विषय में कुछ लोग डॉक्टर हेडगेवार से पूछते थे कि जब आप कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल में थे .तो वहां भी तो यह काम हिंदू एकता के संबंध में कर सकते थे तो आपने वहां रहकर क्यों नहीं किया . अलग से दल बनाने की क्या जरूरत है तो डॉक्टर हेडगेवार जी कहते थे कि राजनीतिक दल व्यक्ति और धर्म में भेद नहीं कर पाते और वह उनका उद्देश्य सिर्फअपनी मांगे मनवाना और संगठन को आगे बढ़ाना है . इसलिए एक ऐसे दल की हमें आवश्यकता थी जो पूर्णतया गैर राजनीतिक हो और जिसका उद्देश्य सिर्फइस हिंदुओं की एकता के संबंध में रहे .कार्यक्रम का संचालन संपर्क प्रमुख राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने किया .कार्यक्रम में बडी संख्या में प्रमुख जन सहित चिकित्सक और अधिवक्ता उपस्थित रहे .

एक नजर में

जबेरा में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,जबेरा/दमोह .जबेरा क्षेत्र में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने की मांग को लेकर चल रहे राष्ट्रीय स्तर के गौ सम्मान आह्ववाहन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया . इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, गौभक्तों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया .कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर गौ संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और इसे भारतीय संस्कृति व आस्था से जुड़ा विषय बताया . वक्ताओं में संसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,संयोजक मिथलेश तिवारी ने कहा कि गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए कठोर कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, साथ ही इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित दर्जा मिलना चाहिए .

आयुष औषधालय चोपरा में पोषण मेले के साथ हुआ पोषण पखवाड़ा

नवभारत,दमोह . जिला आयुष अधिकारी डॉ . राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग/महिला व बाल विकास विभाग दमोह के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपरा में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण मेला लगाकर ग्रामीण जनमानस को समग्र स्वास्थ्य व पोषण आहार के बारे में जागरूक किया गया .पोषण पखवाड़े का मकसद, समग्र दृष्टिकोण के ज़रिए महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है .कुपोषण को दूर करने में जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छा माध्यम है .कार्यक्रम में डॉ. पंकज दास रोहित के द्वारा गर्भवती महिलाओं बालक,बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया .साथ ही पोषण आहार का वितरण भी किया गया .कार्यक्रम में ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रहें .

जीवन में मनुष्य होना काफी नहीं है, जीवन में मनुष्यता का होना बेहद आवश्यक है-पं .हरि किशन दुबे

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह . जनपद जबेरा के ग्राम गुबरा कला में पूर्व सरपंच श्री निंन्दी लाल जी ठाकुर जी के यहां श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े ही आनंद के साथ बिहारी जी का नगर भ्रमण कराया जिसमें समस्त ग्रामवासी सम्मिलित रहे कथावाचक पंडित हरिकिशन जी दुबे कनवास वालों ने भागवत की महिमा को गाते हुए बताया भागवत की कथा मन को शुद्ध करने वाली है और मन जब शुद्ध हो जाता है तो शुद्ध मन में परमात्मा निवास करते हैं .

जलसंकट | कलेक्टर बोले -व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

पानी की समस्या को लेकर रात 12 बजे किया प्रदर्शन

नवभारत,दमोह. शहर में इस समय लोग जल संकट से जूझ रहे हैं.स्थिति यह है कि 2 दिन के अंतर से पानी सप्लाई हो रहा है.इसी बात से आक्रोशित होकर मांगज वार्ड क्रमांक 5 के लोगों ने रविवार रात 12 बजे वार्ड में बनी पानी की टंकी के नीचे प्रदर्शन कर दिया.काफी देर हंगामा होता रहा.जिसके बाद देहात थाना प्रभारी अमित गौतम, चौकी प्रभारी विक्रम दांगी सहित पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया इसके बाद वार्डवासी शांत हुए.उनका कहना था कि पिछले चार दिन से उनके यहां सप्लाई नहीं हो रही है जनता एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान हो रही है, लेकिन नगर पालिका कोई ध्यान नहीं दे रही. आपको बता दें इसी वार्ड के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर दो दिन पहले ही पथरिया फाटक ओवर ब्रिज पर भी करीब 2 घंटे जाम लगाया था.तब नगर पालिका सीएमओ ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही समस्या दूर हो जाएगी,लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला. इसी बात से नाराज होकर मांगज वार्ड क्रमांक 5 के लोगों ने मुस्की बाबा के समीप बानी पानी की टंकी के नीचे देर रात प्रदर्शनशुरू कर दिया. सैकड़ो की संख्या में वार्ड के लोग महिलाओं के साथ यहां पहुंचे और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की.वार्ड के पार्षद अभिषेक तिवारी ने कहा या तो पानी दो या फांसी दो क्योंकि अब वह जनता की परेशानी को इस तरह से नहीं देख सकते.प्रदर्शन की जानकारी लगने के बाद देहात थाना प्रभारी अमित गौतम,सागर नाका चौकी प्रभारी विक्रम दांगी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वार्ड वासी मान्य तैयार नहीं थे.नगर पालिका सीएमओ के आश्वासन के बाद उन्होंने अपना प्रदर्शन खत्म किया.कलेक्टर ने अपनी बैठक में सभी वार्ड पार्षदों से बात की थी. पार्षदों ने कहा था कि शहर में पर्याप्त पानी है.

कलेक्टर पीएन यादव ने कहा

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि बैठक में यह बात निकल कर सामने आई कि कई वार्डों में तीन टाइम पानी आ रहा है और कई वार्डों में तीन दिन तक पानी नहीं आ रहा है .इसे सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं .जहां वाल्व लगाने की,लीकेज ठीक करने की, पाइपलाइन बदलने की जरूरत है उसे जल्द बदला जाए ताकि सभी नागरिकों को समान रूप से पानी उपलब्ध हो सके .हालांकि जिस प्रकार से तापमान बढ़ता जा रहा है, उसी प्रकार से नगर पालिका के मिस मैनेजमेंट की वजह से शहर में जल संकट की समस्या भी बढ़ती जा रही है .

बजरिया वार्ड 8 में जल सप्लाई समय अनुसार नहीं होने पर ज्ञापन सौंपा

बजरिया वार्ड 8 में जल सप्लाई समय अनुसार न होने पर नगर पालिका अधिकारी के नाम आवेदन सौंपा .जिसमें मोहनीश राव ने बताया की बजरिया वार्ड नंबर 8 दमोह में जल सप्लाई का ठीक समय 5 बजे का है पर वार्ड पार्षद हिमानी खान व इकबाल खान की मनमानी द्वारा जल सप्लाई नियम अनुसार नहीं की जाती है मनमानी तरीके से की जाती है .